<u>रिक्ति विज्ञापन</u>

भारत सरकार
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी), कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) में सदस्य के तीन पदों के लिए आवेदन/नामांकन आमंत्रित करना।

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी), कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर), भारत सरकार में सदस्य के तीन पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी), डेयर से सम्बद्ध एक स्वतंत्र चयन अभिकरण है। यह कृषि अनुसंधान सेवा, अनुसंधान प्रबंधन पदों और ऐसे अन्य पदों और सेवाओं में भर्ती के लिए उत्तरदायी है, जोकि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अध्यक्ष द्वारा निर्दिष्ट किए जा सकते हैं। यह चयन मंडल कैरियर प्रोन्नयन स्कीम के तहत आईसीएआर वैज्ञानिकों की पदोन्नति के मामलों में भी कार्रवाई करता है।

3. **पदों का विवरण इस प्रकार है:**

i. **वर्गीकरणः** समूह 'क 'समकक्ष

ii. **वेतन मानः** लेवल 16, मूल वेतन 2,05,400 – 2,24, –/400रुपए

iii. **अधिकतम आयु सीमाः 62 वर्ष**

iv. **योग्यताः** कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल **(**एएसआरबी(के तीन सदस्यों का चयन उन वैज्ञानिकों में से किया जाएगा जो 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के वेतन लेवल 14 या उससे उच्च वेतन लेवल में प्रोफेसर या समकक्ष के पद पर हो और जिनके पास निम्नलिखित 3 विषयों के समूहों में से किसी एक में कम से कम 20 वर्ष का अनुभव होः

i. सदस्यः फसल विज्ञान और बागवानी फसलों सहित पादप विज्ञान समूह।
ii. सदस्यः पशु विज्ञान और मछली पालन विज्ञान समूह।
iii. सदस्य :प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, कृषि अभियांतिर्की, कृषि विस्तार, कृषि शिक्षा, सामाजिक विज्ञान अर्थात् कृषि अर्थशास्त्र और कृषि सांख्यिकी।

v . **कर्तव्य :**

(क) सदस्य, कृषि अनुसंधान सेवा में सभी पदों और सेवा में ऐसे अन्य पदों पर

भर्ती के लिए उत्तरदायी होगा, जोकि आईसीएआर के अध्यक्ष द्वारा विनिर्धारित किए जा सकते हैं, जिसमें कैरियर प्रोन्नयन स्कीम के तहत पदोन्नति/नियुक्ति के लिए वैज्ञानिकों की स्क्रीनिंग भी शामिल है।

(ख) सदस्य, आईसीएआर सोसायटी के अध्यक्ष द्वारा यथावश्यक सभी कार्मिक मामलों में आईसीएआर की सहायता भी करेंगे।

vi. **कार्यकाल :** सदस्यों का कार्यकाल, 3 वर्ष की अवधि या 65 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने, जो भी पहले हो, तक होगा। **इस प्रकार चुने गए सदस्य उनके पिछले संगठन में कोई पद धारणाधिकार नहीं रखेंगे।**

vii. एएसआरबी में नियुक्ति पर मूल सेवा से सेवानिवृत्ति:

सदस्य जो, एएसआरबी में उसकी नियुक्ति की तारीख को केंद्र या राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन या स्वायत्त निकाय या किसी अन्य पेंशन योग्य संगठन में सेवारत है, उसे सदस्य, एएसआरबी के रूप में उसकी नियुक्ति की तारीख से, इस तरह की सेवा से सेवानिवृत्त माना जाएगा।

यदि सदस्य के रूप में नियुक्त व्यक्ति कोई पेंशन प्राप्त कर रहा है तो ऐसे व्यक्ति के वेतन में उसके द्वारा आहरित पेंशन की सकल राशि घटा दी जाएगी।

viii. **चयन प्रक्रिया :** चयन, मंत्रालय/विभाग द्वारा इस उद्देश्य के लिए नियुक्त की गई उच्च स्तरीय खोज-सह-चयन समिति द्वारा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के मौजूदा निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। नियुक्ति , मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के अनुमोदन से की जाएगी।

4. प्रत्यक्ष आवेदनों के अलावा, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष; भारत सरकार के सचिव; महानिदेशक, सीएसआईआर; सभी राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एसएयूएस/केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालयों) के कुलपति, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के मुख्य सचिव भी जीवन-वृत्त के साथ उपयुक्त उम्मीदवारों की सिफारिश/नामांकन कर सकते हैं।

5. आवेदन/नामांकन फार्म www.icar.org.in, www.asrb.org.in और www.dare.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

6. **आवेदन/नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 28.02.2022, शाम 05.00 बजे तक है:**

7. आवेदन/नामांकन फार्म निम्नलिखित पते पर भेजा जाए:
अपर सचिव, डेयर एवं सचिव, आईसीएआर, कृषि भवन, नई दिल्ली।

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी) में सदस्य के पद के लिए आवेदन/नामांकन फॉर्म।

आवेदित पद : (विषय का समूह इंगित करें)

(I) सामान्य सूचना :

1.	आवेदक का पूरा नाम	
2.	पिता का नाम	
3.	लिंग	
4.	जन्म तिथि	
5.	आवेदन की अंतिम तिथि को आयु	
6.	वर्तमान पद	
7. (क)	पत्राचार का पता, पिनकोड सहित	
) ख (	स्थायी पता	
) ग (	संपर्क विवरण	

(II) योग्यताः

(III) अनुभव का विवरणः

(IV) विशिष्ट योगयताएं और उपलब्धियांः

(V) पुरस्कार और सम्मानः

(VI) प्रकाशन/उत्पाद/प्रौद्योगिकी/पेटेंटः

(VII) पद के लिए आवेदकों की उपयुक्तता का औचित्यः

(VIII) कोई अन्य सूचनाः

दिनांक :

स्थान : हस्ताक्षर

हस्ताक्षर और तारीख के साथ नामांकनकर्ता का विवरण

(नामिती/आवेदक का जीवन-वृत्त (सीवी) उपलब्ध कराया जाए)